हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

4
नगर सैनिकों ने मनाया अग्निशमन दिवस



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

## खबर संक्षेप

### राशन नहीं मिलने पर सरपंचों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**जशपुरनगर।** जशपुर जनपद के सभी ग्राम पंचायत के सरपंच और सेल्समैन कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपें गए ज्ञापन में कहा गया है,कि राज्य शासन के सभी मापदंडों के हिसाब से भी राशन वितरण करने के वावजूद भी पंचायतों को कार्डधारियों के हिसाब से राशन नहीं दिया जा रहा है। बिना बताए, बिना जानकारी के पंचायतों में राशन वितरण में कटौती की जा रही है। जिससे ग्राम पंचायत के सभी कार्ड धारियों को राशन वितरण न ही हो पा रहा है। सभी को राशन उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण उपभोक्ता के साथ साथ सेल्समैन व सरपंच को खरी खोटी सुननी पड़ रही है। और जिन उपभोक्ता को राशन नहीं मिल पा रहा है उसको अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### जनहानि के मामलों में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम हर्री निवासी बेलसन राम का कुआं के पानी में डूबने से 10 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी हीरामुनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनोरा तहसील के ग्राम कारादारी निवासी पविता बाई का कुआं के पानी में डूबने से 31 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता प्रदीप हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**राजपुर।** एनएच 343 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से लूना सवार बुजुर्ग घायल हो गया। बुजुर्ग को उपचार के बाद गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है इसके साथ ही पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि परसागुड़ी भदरापार निवासी 70 वर्षीय जगमोहन गोंड अपनी लूना से सब्जी बेचने के लिए साप्ताहिक बाजार राजपुर जा रहा था। इस दौरान सरगुजा सर्विस पेट्रोल पंप कस समीप अम्बिकापुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सुधीर मिंज के नेतृत्व मद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर से घूमने निकले युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक ने घर पहुंच कीटनाशक पीने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम करमाहा परसीली पारा निवासी बाबू चंद आ. मोहर लाल (20 वर्ष) गुरूवार को गांव में घूमने के लिए निकला था।

मुख्यमंत्री निवास बगिया में गूंजे माता रानी व भगवान श्रीराम के जयकारे

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय राम नवमी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया में स्थित सीएम निवास में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय रामनवमी महायज्ञ का भव्य शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह से ही श्रद्धांलुओं की भीड़ जमा होने लगी।

सीएम निवास में झांझ, मांदर की थापों के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे, जय माता दी और भक्ति गीतों से गूंज रहा था। दोपहर लगभग 3 बजे सीएम निवास से कलश यात्रा शुरू हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी इस कलश यात्रा मे शामिल हुईं। वे महिलाओं के साथ कदम से कदम मिला कर नदी तट तक पहुंचीं और वापस आयोजन स्थल आईं। सिर पर कलश रख कर श्रद्धालु महिलाओं ने पेंड्रा झरिया के तट से पवित्र जल लेकर आयोजन स्थल


सीएम की धर्मपत्नी कौशिल्या साय कलश यात्रा में शामिल हुईं।

पहुंची। यहां, पवित्र जल से पूजा स्थल को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुद्धिकरण किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू हुई। हवन पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा स्थापित की गईं। आरती के बाद भक्त लीला भजन मे डूबे रहे। भजन कीर्तन का यह दौर देर रात तक चलता रहा। इस भव्य राम नवमी महायज्ञ का आयोजन सत्य सनातन धर्म देवी समाज के सानिध्य में किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को आरती व पूजन के साथ प्रवचन, लीला व भजन का आयोजन किया गया । मंगलवार को नियमित पूजा के साथ संधि पूजा, प्रवचन और लीला भजन और कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार को नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति, सहस्त्र स्नान, आशीर्वाद, प्रतिमा विसर्जन व प्रसाद वितरण के साथ रामनवमी महायज्ञ का यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

## सोगड़ा में मतदाता जागरूकताः संकल्प कलश यात्रा के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

**जशपुरनगर।** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केराडीह और लोदाम में सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली



शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक।

निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह सोगडा ⏭ शेष पेज 4 पर

## विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर बनाकर किया जागरुक




लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के अंतर्गत आज पत्थलगांव स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्राओं ने लोकतंत्र के महापर्व विषय पर निबंध लिखकर और रंगोली, पोस्टर बनाकर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति संदेश दिया। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल अंकिरा और शासकीय नवीन कॉलेज सन्ना में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंकिरा हाई स्कूल की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर शत-प्रतिशत हेतु जागरूकता का सन्देश दिया। वही शासकीय नवीन कॉलेज सन्ना में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में नए युवा मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह अन्य कई स्थानों पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोस्टर, रंगोली कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी भागीदारी दिखाई। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## सुख-समृद्धि की कामना के लिए विधायक ने मां मनसा देवी मंदिर में टेका मत्था



**जशपुरगनर।** जिले की सुख-समृद्धि और मंगल कामना करने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत मां मनसा देवी मंदिर पहुंची। यहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी की खुशहाली की प्रार्थना की।

सोमवार की सुबह नवरात्रि के पावन अवसर पर चांपा टोली स्थित मां मनसा देवी मंदिर में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची। यहां श्रीमती भगत ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और सभी की खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की । श्रीमती भगत ने यहां आए श्रद्धालुओं को मां मनसा देवी मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डालते इससे जुड़े मान्यता को भी विस्तार से बताया और कहा कि मां मनसा देवी मंदिर ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है इसके विकास, विस्तार और प्रचार प्रसार के लिए वह अपने तरफ से हर संभव प्रयास करेंगी।

■ नवरात्रि पर मनसा देवी मंदिर में की पूजा- अर्चन

## देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है मोदी की गारंटी : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है।

आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला था, कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। ⏭ शेष पेज 4 पर

■ सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर सभी वर्गों का होगा उत्थान भाजपा

## माता-पिता से मिलवाने के नाम पर युवती से दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** दुष्कर्म के मामले में सुलह करने के साथ ही युवती को माता-पिता से मिलवाने का झांसा देकर पुनः दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी के विरुद्ध एसपी की ओर से पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया था।

पुलिस ने आरोपी को मध्यप्रदेश के सिंगरौली से गिरफ्तार किया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरगीडीह निवासी शहबाज फिरदौसी के विरुद्ध युवती द्वारा दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। इसी मामले में 17 अक्टूबर 2023 को आरोपी शहबाज फिरदौसी युवती को अपने माता पिता से मिलाने के नाम पर घर ले जा रहा था लेकिन आरोपी शहबाज युवती को घर न लेजाकर बतौली ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने पुनः शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और फिर फरार हो गया। युवती द्वारा इस घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में 294, 506, 323, 376 एवं 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मध्यप्रदेश सिंगरौली बैढन में मौजूद है।

## रामनवमीं व अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने टास्क फोर्स समिति गठित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल के निर्देश में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी एवं दिनांक 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है। इस दौरान बाल विवाह होने की संभावना हो देखते हुए समिति का गठन किया गया है।

जिले में कही पर भी बाल विवाह की सूचना मिलते ही टॉक्स फोर्स द्वारा बाल विवाह रोका जायेगा तथा बाल विवाह करने वाले परिवार को समझाईस दे कर बाल विवाह के दूष्परिणामों को बताया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सूचना दे सकते है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाँ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, आपातकालीन टोल फ्री नम्बर-112, महिला हेल्प लाईन नम्बर-181 एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी नम्बर-7489888808 पर बाल विवाह होने की सूचना दे सकते है।

## राष्ट्रीय नेतृत्व का आदेश होगा तो ईवीएम भी तोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत मुक्ति मोर्चा व बहुजन क्रांति मोर्चा की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में समर्थक कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोंगों का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत मुक्ति मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष रूप नारायण एक्का ने कहा कि हमारी संस्था पूरे भारत के 550 जिले में इस बाबत ज्ञापन सौंप रहे है, कि ईवीएम मशीन की जगह वैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग की जाए।

अगर हमारी बात नहीं सुनी गई तो राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हम आम जनता से अपील करेंगे कि वोंटिग करने जाने पर ईवीएम मशीन को पटक कर तोड़ दें। पूरे देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। आचार संहिता लागू होने के वावजूद भी सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट आकार ज्ञापन देना ही असंवैधानिक है। फिर कलेक्ट्रेट में आकर इस तरह की धमकी देना



अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भारत मुक्ति मोर्चा व बहुतन क्रांति मोर्चा के सदस्य।

सरासर गलत है। इसके पहले भी जशपुर और कुनकुरी की आमसभा में असंवैधानिक और अमर्यादित बातें सामने आई थी। जशपुर के वशिष्ठ क्म्युनिटी हॉल में भारत मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय नेतृत्व बावन मेश्राम ने असंवैधानिक और अमर्यादित बातें की थी। ⏭ शेष पेज 4 पर

### ईवीएम तोड़ने में कोई गुरेज नहीं करेंगे

हमने संवैधानिक तरीके से अपनी बात ऊपर तक पहुंचने की पूरी कोशिश की है, फिर भी हमारी बात नहीं सुनी गई तो शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर ईवीएम मशीन तोड़ने की अपील करेंगे और तोड़ने में भी कोई गुरेज नहीं करेंगे।
-**रूपनारायण एक्का**, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा

हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने की मांग

# न्याय की गुहार लगाने विधायक के द्वार पहुंचे डीएलएड अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अत्यंत ही मानसिक पीड़ा से गुजर रहे डीएलएड अभ्यर्थी न्याय की गुहार लगाने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के पास पहुंचे। यहां अभ्यर्थियों ने विधायक को विस्तार से अपनी पीड़ा बताते मांग की, कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 डीएलएड व बीएड मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले का पालन करने और शीघ्र अति शीघ्र उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बीएड धारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त कर योग्य डीएलएड धारियों को 6 सप्ताह के भीतर नियुक्ति दिलाएं। सभी अभ्यर्थियों की व्यथा सुनने के बाद विधायक ने शिक्षा मंत्री के निज सचिव से दूरभाष पर कहा कि जल्द ही न्यायालय के आदेश का पालन करते उचित निर्णय लें।

रविवार की दोपहर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के कार्यालय में भारी संख्या में डीएलएड


विधायक रायमुनी भगत को ज्ञापन सौंपते अभ्यर्थी।

अभ्यर्थी पहुंचे और विधायक को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले के संबंध में जानकारी देते बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बीएड धारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त कर योग्य डीएलएड धारियों की नियुक्ति किया जाना है, लेकिन आज पर्यंत तक हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा जिससे वे मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते अभ्यर्थी जयंत कुमार सिंह ने बताया कि 04 मई 2023 को छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती 2023 का विज्ञापन जारी किया गया था जिसमे सहायक शिक्षक पद हेतु डीएलएड के साथ बीएड को भी शामिल किया गया। जो कि असंवैधानिक था, जिसे डिप्लोमा धारियों ने छग उच्च न्यायालय में 30 मई 2023 को चुनौती दिया था (3541/2023) 1 (क्योंकि बीएड को सहायक शिक्षक हेतु शामिल करने वाली एनसीटीई के 28/06/2018 की अधिसूचना को राजस्थान उच्च न्यायालय ने 25/11/2021 को रद्द कर दिया था।

छग में भर्ती प्रति प्रक्रिया के बीच में सुप्रीम कोर्ट का भी ऑर्डर 11 अगस्त 2023 को नियुक्ति पूर्व आ गया, जिसमे राजस्थान के फैसले को सही ठहराया गया और सहायक शिक्षक पद पर बीएड धारियों नियुक्ति को संविधान के अनु. 21 ए का उलंघन बताते हुए असंवैधानिक बताया। (राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट चुनौती दिया गया था, जिस पर बिना स्टे का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित था और जनवरी 2023 में मामलों को सुनकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### आरटीओ व यातायात विभाग की जांच के दौरान नहीं पहुंची 25 स्कूली बसें

**बलरामपुर।** बलरामपुर यातायात पुलिस व आरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर स्कूली बसों के फिटनेस की जांच की गई। जांच के दौरान लगभग सभी बस फिट पाए गए लेकिन जांच के दौरान 25 बसें नहीं पहुंची। ऐसे में अब यातायात विभाग द्वारा बस संचालकों के साथ ही स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं पुलिस द्वारा स्कूलों का चिन्हांकन कर ऑटो व छोटे वाहनों की भी जांच की जाएगी। बता दें कि निजी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। ऐसे में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया के नेतृत्व में यातायात एवं परिवहन व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामंजस्य स्थापित कर जिला शासकीय हाई स्कूल मैदान में वाहन एवं वाहन चालक परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जांच शिविर में जिले में संचालित कल 30 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। वाहनों में सुरक्षात्मक उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन उपकरण की जांच की गई एवं स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा चालक परिचालकों का नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित करने वाहन चालकों को समझाइश दी गई। वहीं वाहन चालकों से निर्धारित गणवेश धारण कर वाहन चलाने एवं वाहन संबंधित दस्तावेजों को अपने पास रखने, शराब सेवन या अन्य मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने की समझाइश दी गई।

15- APR-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/15/2024 8:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सकालो स्कूल में 12 दिवसीय समर कैम्प की शुरूआत

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक विलास भोस्कर संदीपान के निर्देशन में वार्षिक परीक्षा उपरांत पूर्व माध्यामिक शाला सकालों में बच्चों के विभिन्न कौशलों के विकास हेतु 12 दिवसीय समर कैम्प शनिवार को प्रारम्भ किया गया। कैम्प की शुरूआत समग्र शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक रविशंकर त्रिपाठी ने की। इस दौरान एबीईओ बीडी सिंह, बीआरसी संजीव भारती, सीएसी विरेष बैरागी के विद्यालयों के प्रधानपाठक तथा बच्चे उपस्थित थें। समर कैम्प में बच्चों को आर्ट एण्ड क्राफ्ट, ड्राईंग एवं पेंटिं, मेहंदी लगाना, कार्ड मेकिंग, मिट्टी के खिलौने एवं मूर्ति निर्माण, फायरलेस कुकिंग, कम्प्यूटर, व्यक्तिगत स्वच्छता, फर्स्ट एड, म्यूजिक डांस, योगा, इनडोर आउटडोर गेम्स में दक्ष किया जायेगा। इस अवसर पर डीएमसी श्री तिवारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए परीक्षा उपरांत उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने तथा उनमें कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं क्रियाशीलता के विकास हेतु विद्यालयों में समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। शिक्षक एवं बच्चे इसमें काफी रूचि ले रहे है। इन कौशलों के विकास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। एबीईओ बीडी सिंह एवं बीआरसी संजीव भारती ने भी बच्चों को संबोधित किया। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के श्री आलोक ने बच्चों व शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

### समर कैंप के लिए संकुल स्तर पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण




**अंबिकापुर।** शिक्षकों के लिए संकुल स्तरीय समर कैंप प्रशिक्षण का आयोजन हाई स्कूल करेया में संकुल प्राचार्य काकुली गांगुली एवं संकुल समन्वयक निरंजन विश्वास की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सुजीत कुमार द्वारा किया गया। बता दें कि परीक्षा उपरान्त शासन के निर्देश पर सभी शालाओं में बच्चों को खेल खेल भाषा गणित व अन्य विषयों में दक्षता, समूह कार्य, सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाना है। बच्चों में चार्ट पेपर, समाचार पत्र, पत्तियां, मिट्टी, कलर से विभिन्न आकृति एवं चित्रकारी आदि कराकर बच्चों को सृजनात्मक कार्य से जोड़ते हुए व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना मुख्य रूप से शामिल है। संकुल समन्वयक निरंजन विश्वास ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से विद्यालय एवं समुदाय के बीच परस्पर संबंध को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि परीक्षा उपरांत भी बच्चे विद्यालय में आकर 10 से 12 दिनों का समर कैंप में भाग ले रहे होंगे और अपने आसपास के बच्चों को सिखाने एवं विद्यालय से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। समर कैंप के अंतिम दिन अभिभावकों को बुलाकर एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने के उपरांत बच्चों को उनके कार्यों को अभिव्यक्त करने का मौका दिया जाएगा। इस दौरान जीवनधारी सिंह, अजय कुमार केरकेट्टा, ललन प्रताप कुशवाहा, शाहिद अंसारी, एफ्रेम मिंज, राजन बखला, नंदलाल राजवाड़े, मिली कुमारी तिर्की, विनीता मिंज, भारती साहू, मुनिका सिंह, नर्सपति सिंह, गीता अग्रवाल, शकुंतला बेहरा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### जंगल किनारे तिरपाल से झाला बनाकर कर रहे थे महुआ फूल की पहरेदारी

# दल से बिछड़े दंतैल ने जंगल किनारे दंपती समेत दो बच्चों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव


घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण।


अस्पताल में भर्ती घायल।

दल से बिछड़ कर फतेहपुर पहुंचे एक हाथी ने जंगल किनारे तिरपाल से झाला बना कर रह रहे परिवार पर हमला कर दिया। हाथी के हमले में मां - बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि पिता-पुत्र को मामूली चोटें आई है। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मां-बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग महुआ पेड़ के समीप तिरपाल से झाला बनाकर महुआ फूल की पहरेदारी कर रहे थे।

**खास बात**

- महुआ के सीजन में हाथियों के आगमन से क्षेत्र में मचा हड़कंप

विकासखंड उदयपुर विकास खंड के ग्राम फत्तेपुर में आज तड़के करीब 3 बजे दल से बिछड़े एक हाथी ने अचानक मोहनपुर होते हुए चकेरी, बासेन,परोगीया जंगल से फत्तेपुर पहुंचा। इसी बीच गांव के ही दुर्गा प्रसाद जंगल किनारे महुआ पेड़ के समीप तिरपाल से झाला बना कर पत्नी हरामति व दो बच्चों के साथ महुआ की रखवाली कर रहे थे। अचानक हाथी ने जब झाला को तोड़ने लगा तो हरामति अपनी दूधमुहे 8 माह की बच्ची अंजना को गोद में लेकर जबकि दुर्गा प्रसाद पुत्र को लेकर झाला से निकल भागने लगे तो हाथी ने मासूम के रोने की आवाज को सून हरामति पर हाथी ने हमला कर दिया। जबकि पिता-पुत्र भागने में सफल हो गए। हाथी के हमला से हरामती पति दुर्गा गोड़ (20 वर्ष) व आठ माह की दुधमुंही अंजना गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्गा आ.बधू गोड़ (34 वर्ष) व 3 वर्षीय पुत्र हाथी से जान बचा कर भागने के दौरान पिता-पुत्र को चोंटे आई। इधर जैसे ही गांव वालों एवं वन विभाग के टीम को हाथी द्वारा हमला करने की जानकारी मिली तो तड़के 4 बजे परसा केते खदान से तत्काल एम्बुलेंस मंगा कर रेंजर कमलेश राय एवं टीम ने घायल मां-बेटी को उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मां-बेटी की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बच्ची का शिशु वार्ड आईसीयू में जबकि मां की महिला सर्जिकल वार्ड में उपचार जारी है और दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्ञात हो कि विगत एक सप्ताह से वन क्षेत्र उदयपुर में मैनपाट के तराई से दो हाथियों का दल भटक कर मानपुर, महेशपुर जंगल में विचरण कर रहे है। आज तड़के एक हाथी दल से अलग होकर फतेहपुर पहुंच गया। जहां एक ही परिवार के चार लोगों पर हमला कर दिया। आधी रात गांव में हाथी पहुँचने से पूरे गांव सहित आस पास के वन क्षेत्र में हड़कंप मच गया।उदयपुर वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क करते हुए पूरी रात हाथी का पीछा करते रहे।

#### भाई ने झाला में रहने से किया था मना

गांव में हाथी के आने की जानकारी लगने पर बड़े भाई ने छोटे भाई दुर्गा प्रसाद व बहू हरामती को हाथी के आने की जानकारी दी और जंगल के समीप झाला में नहीं रहने की हिदायत दिया था। परंतु दोनों नहीं माने और झाला में सो गए। इसी बीच आज तड़के हाथी ने हमला कर दिया जिससे जिससे मा-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव में आये दिन देखने को मिलता है कि जब भी गांव में हाथी आते हैं तो वन विभाग की टीम हाथियों से दूर रहने की हिदायत ग्रामीणों को देते है परंतु ग्रामीण शराब के नशे एवं जिद्दी के कारण बात नहीं मानते हैं जिससे ऐसी घटना होती है।

#### दल से बिछडा हाथी विभाग के लिए बना सिर दर्द

महुआ के सीजन में वन विभाग के लिए हाथी सिर दर्द बन गया है। पूरे वन क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दल से बिछड़ा हाथी खतरनाक हो गया हैं। इधर महुआ के सीजन होने के कारण ग्रामीण तड़के से लेकर रात तक वन क्षेत्र के जंगल में महुआ फूल बीनने जाते हैं। जबकि वर्तमान में नवरात्र होने के कारण रामगढ़ मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। जबकि आस पास के ग्रामीण जंगल रास्ते से दर्शन के लिए रामगढ़ आते हैं जो चिंता का विषय है।

#### हमले के बाद हाथी पहुंचा कोरबा के मोरगा जंगल

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि झाला में हमला करने के बाद हाथी तारा पुटा होते हुए कोरबा जिले के वन क्षेत्र मोरगा जंगल पहुंच गया है। वहां के टीम को भी वन विभाग द्वारा अलर्ट कर दिया गया है। अभी भी एक हाथी वन क्षेत्र उदयपुर के मानपुर जंगल में विचरण कर रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल न जाने एवं हाथी को न छेड़ने की हिदायत दिया है। हाथी सतर्कता टीम में प्रमुख रूप से असु माला, दुर्गेश्वर सिंह, परमेश्वर राम, भरत सिंह, नंद कुमार, विष्णु सिंह, अमरनाथ सहित टीम द्वारा निगरानी की जा रही है।

#### कर रहे सतर्क

वन विभाग की टीम दिन रात हाथी पर निगरानी रखे हुए है। क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों के आगमन की सूचना लगातार टीम द्वारा दी जा रही है। अभी भी एक हाथी वन क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने तथा हाथियों को नहीं छेड़ने की समझाइश दी जा गई है। हाथी के हमले से घायल मां-बेटी को अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वन विभाग द्वारा उपचार कराया जा रहा है।

-कमलेश राय
वन परिक्षेत्र अधिकारी उदयपुर



## विकसित भारत की परिकल्पना विषय पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होटल सरगवां पैलेस में अप्रवासी भारतीय व ओवरसीज फ्रेंड ऑफ बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांत पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री व बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पाण्डेय, जिलाध्यक्ष ललनप्रताप सिंह, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी के आतिथ्य तथा सीए एचएस जायसवाल के संयोजन में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि विदेशों में देश की छवि सुदृढ़ हुई है। अप्रवासी भारतीय के रूप में हमने महसूस किया है कि अमेरिका जैसे देश में भी भारतीयों को अब इज्जत के साथ देखा जाता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी देशवासियों के सहयोग से पूरा होगा। 2047 में जब हम अपने आजादी की 100वी जयंती मनाएंगे तब भारत विश्वगुरू बनकर पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा। बुद्धिजीवी वर्ग को इस यज्ञ में न केवल अपना योगदान देना है बल्कि देश को आगे ले जाने के लिए ऊर्जा भी देना है। संभागीय संगठन प्रभारी राजा पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के बुद्धिजीवी वर्ग की प्रतिभा का देशहित में हमेशा सदुपयोग किया है। मोदी जी लगातार बुद्धिजीवी वर्ग से बातचीत करते रहते हैं तथा उनसे सलाह लेकर देश को विकास की राह में आगे ले जाने की योजना पर काम करने में विश्वास करते हैं। तथा उनसे सलाह लेकर देश को विकास की राह में आगे ले जाने की योजना पर काम करने में विश्वास करते हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि अप्रवासी भारतीय होकर भी अपने देश, समाज व संगठन के लिए सेववा के अनेकानेक कार्यों से चंद्रकांत पटेल ने अपनी पहचाना बनाई है। हमें गर्व है कि सरगुजा का पुत्र आज अमेरिका में अपने अंचल का नाम रोशन कर रहा है। सीए श्री जायसवाल ने कहा कि पहली बार देश में कोई सरकार बनी है जो सनातन संस्कृतिक को आत्मसात कर देश को आगे ले जाने का काम कर रही है। अब भारत को विश्वगुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम को सीए सुभाष अग्रवाल, राकेश तिवारी, संतोष सिंह, अधिवक्ता सुशील शुक्ला, इंजीनियर कुनाल दुबे ने भी सम्बोधित कया। इस दोरान सीए जितेन्द्र सिन्हा, प्रबुद्ध त्रिपाठी, संतोष सिन्हा, महेंद्र सिंह टूटेजा, विद्यानंद मिश्रा, संतोष गुप्ता, संतोष दास, रूपेश दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




दमकल विभाग का अग्निशमन सुरक्षा आज से शुरू हुई। होमगार्ड के जवान समेत दमकल कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण पश्चात पुनः फायर स्टेशन परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली निकालने से पूर्व दमकल विभाग के शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा के बीच दमकल कर्मचारियों द्वारा जिले भर में कैंप लगाकर लोगों को आग से किस तरह से बचाव करना है इसकी उपाय व बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। संभागीय सेनानी आरके पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। होमगार्ड के संभागीय सेनानी आरके पांडेय ने बताया कि देश में 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले में भी अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप दमकल कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाता है। रैली से पूर्व 1944 में एक हादसे में दमकल के कई जवान के शहीद हो जाने तथा दमकल कर्मियों के ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने पर उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल के बीच जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित ऐसे संस्था में कैप लगाकर जागरूक किया जाता है जहां आगजनी होने की संभावना अधिक होती है। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर बाइक व वाहन रैली को संभागीय सेनानी आरके पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दमकल कार्यालय परिसर से शुरू होकर बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, महामाया चौक, बौरीपारा प्रतापपुर चौक, मिशन चौक होते हुए रिंग रोड नमनाकला होते हुए पुनः कार्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।

- कैंप लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक

## अग्निशमन सेवा दिवस पर विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**सूरजपुर।** अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर आज अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता रैली निकाली। नगर भ्रमण के दौरान लोगों को नारे व पंपलेट के माध्यम से अग्नि से होने वाली दुर्घटना व बचाव के बारे में जागरूक किया गया। विक्टोरिया डाक मुंबई बंदरगाह में 14 अप्रैल 1944 जहाज एसएस पोर्ट स्टिकीन बॉम्बे कार्गो में मालवाहक विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुई थे, जिसमे अचानक भयानक आग लग गई थी और इस घटना में 66 अग्निशमन कर्मचारी आग बुझाते हुए शहीद हो गए थे। इन्ही शहीद अग्निशमन कर्मी स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इसी के परिपालन में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, उप पुलिस महानिरीक्षक एमआर आहिरे, संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, जिपं सीईओ नन्दनी साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता, कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे,उप निरीक्षक राकेश पाण्डेय ने राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह में अपनी जान गंवाने वाले शहीद फायरमैन की याद में 2 मिनट का मौन धारण व श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता रैली कर फ्लैग मार्च किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से कोतवाली चौक तक शहर के लोगों को नारे व पंपलेट के माध्यम से अग्नि से होने वाली दुर्घटना व बचाव के बारे में जागरूक किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा जन जागरूकता के लिए एक सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक जिले के विभिन्न विकासखंड में जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।



## कार्यकर्ताओं को पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस ने किया चार्ज

**धौरपुर।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार लुण्ड्रा विधानसभा में कार्यकर्ताओं को चार्ज करने के उद्देश्य से ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में लुण्ड्रा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कांग्रेस की जीत के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश कांग्रेस के सदस्य सोमेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी विपक्ष के प्रत्याशी को भलीभांति जानते समझते है। वे लम्बे समय तक यहां के विधायक रहे हैं। उनकी कार्यप्रणाली सबको मालूम है। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह ने कहा कि आप सभी विपक्ष के प्रत्याशी से भलीभांति परिचित है। वे पांच साल तक यहां के विधायक रहे और पांच साल बाद सभी कार्यकर्ता उनके खिलाफ हो गए। यही स्थिति सामरी विधानसभा में हुई है। वे फिर पार्टी छोड़ विपक्ष में चले गए। ऐसे प्रत्याशी पर भरोसा करना उचित नहीं होगा। शशि सिंह पढ़ी-लिखी तथा आपकी आवाज दिल्ली तक पहुंचाने में सक्षम होंगी। सम्मेलन को जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह एवं जनपद अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने भी संबोधित किया। सम्मलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बकरी के पेट से निकाला गया 4 किलो बेर का बीज

**लखनपुर।** ग्राम-तराजु में बकरी मालिक श्रीमती कबूतरी बाई की बकरी के गर्भ से 1 मरे शावक का गर्भपात हुआ था। बकरी का बड़ा पेट देखकर मालिक को गर्भ में अन्य शावक के मरे होने का शक हो रहा था। पशुसखी श्रीमती सुशीला राजवाड़े की सूचना पर पशु सर्जन डॉ.सफदर खान ने पशुपालक के घर पहुंचकर बकरी की जांच की तथा उसके पेट की सर्जरी करने का निर्णय लिया तथा खड़े-खड़े बकरी के पेट की सर्जरी की। इस दौरान उसके रूमेन से 4 किलों बेर के बीज को निकाले गए ।

## भीषण गर्मी में ट्रैफिक की ड्यूटी करने जवानों को दिया गया रेंज अंब्रेला

**बलरामपुर।** भीषण गर्मी के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में राहत देने के लिए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने अभिनव पहल की है। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पहल पर जवानों अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने के साथ ही धूप से बचने के लिए रेंज अम्ब्रेला, गोल सफेद टोपी, धूप का चश्मा, पानी बोतल वितरित किया गया। इस दौरान एसएसपी ने जवानों मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने की समझाइस दी। बता दें कि भीषण गर्मी के दिनों में यातायात विभाग के जवान सड़कों पर खड़े होकर कड़ी धूप में अपनी ड्यूटी करते है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी ऑप्स शैलेन्द्र पांडेय की मौजूदगी में कड़ी धूप में खड़े होकर ड्यूटी करने वाले जवानों को रेंज अंब्रेला छतरी का वितरण किया गया।






### चैत्र नवरात्र पर नगर का माहौल हुआ भगवामय

**बलरामपुर।** चैत्र नवरात्र पर नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के अवसर पर चौक चौराहे भगवामय हो गए है इसके साथ ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बता दें कि चैत्र नवरात्र का पर्व जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु व्रत रखने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। नवरात्र के मौके पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भी बढ़ गई है और बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन हेतु पहुंच रहे है। वहीं नवरात्र व रामनवमी को लेकर नगर का माहौल भगवामय हो गया। है नगर के मुख्य मार्ग के साथ ही चौक चौराहे भगवा झंडे व कपड़ों से ढंग गए है। नगर के दुर्गा मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना अखंड ज्योति दीप रखा गया है ।क्षेत्र में जगह जगह पर अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है।

### दादा के दिए पैसे को पिता ने कर दिया था खर्च

## मनचाही लड़की से रिश्ता न होने से नाराज इकलौते पुत्र ने की थी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दो दिन पूर्व करंजी रेलवे स्टेशन से लगे कोल साइडिंग के समीप मिले 48 वर्षीय अधेड़ ग्रामीण की रक्त रंजित शव मिलने मामले में करंजी पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के पिता के द्वारा उसके दादा द्वारा की गई जमा रकम को बैंक से निकालकर खर्च कर दिया गया था,इसके बाद पिता ने युवक की मर्जी के बगैर बतरा गांव में उसका रिश्ता कर दिया था जिससे वह काफी नाराज था।

प्राप्त जानकारी अनुसार उसका किसी और युवती से प्रेम सम्बन्ध था, लेकिन उस युवती से शादी के लिए उसके पिता द्वारा उसको पैसा नहीं दिया जा रहा था, ऐसे में तिलमिलाकर उसने प्रायोजित तरीके से अपने ही पिता की गर्दन पर ताबड़तोड़ कई वार कर नृशन्स हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी पुत्र के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी व खून लगे कपड़े जप्त कर आरोपी विक्रम राजवाड़े उम्र 23 वर्ष को धारा 302 हत्या के अपराध के तहत कर गिरफ्तार करते हुए रविवार को न्यायालय पेश कर दिया है।।बिश्रामपुर थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक एस एस पैकरा ने अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि गत 12 अप्रैल को करंजी रेलवे साइडिंग झूमरपारा मार्ग में अधेड़ ग्रामीण की रक्त रंजित लाश ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया था।शव के पंचनामा के दौरान मृतक की पहचान सुकुल साय रजवार आत्मज महिपत रजवार 48 वर्ष निवासी दतिमा आमापारा के रूप में हुई थी।मामले में करंजी पुलिस ने मृतक के पुत्र बिक्रम रजवार की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला पंजीबद्ध कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।


पुलिस गिरफ़्त में आरोपी।

#### 17 अप्रैल को सजना था मंडप, मातम में तब्दील हुआ माहौल

आरोपी पुत्र बिक्रम का दो दिन बाद ही आमापारा मोहल्ले स्थित निवास में मंडप सजना था, इसके लिए परिजनों ने तैयारी शुरू की थी, इस दौरान उक्त घटना होने से परिवार की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। बताया गया कि पिता द्वारा कराये गये रिश्ते के अनुसार 21 अप्रैल को बतरा गांव में बिक्रम की बारात और विवाह का कार्यक्रम निर्धारित था।

#### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

पुलिस ने बताया कि पिता के हत्या करने मामले का आरोपी विक्रम इकलौता पुत्र है, उसकी एक बड़ी बहन है जिसकी पहले ही शादी हो चुकी है। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से सर्वप्रथम खुद रिपोर्ट दर्ज कराई और अपने पिता का गांव के कुछ ग्रामीणों से जमीन विवाद होने की कहानी बनाई, इस दौरान साइबर सेल सूरजपुर को पता चला कि घटना के समय आरोपी पुत्र का मोबाइल टॉवर लोकेशन घटनास्थल के समीप ही था, इस पर आरोपी पुत्र ने कई बार पूछताछ में अलग अलग बयान दिए, पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछने पर आरोपी पुत्र ने बाद में सारे राज उगल दिए ।

15- APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/15/2024 8:25 PM Page 1





# रजनीकांत के साथ काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रजनीकांत ,लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने वाली फिल्म थलाइवी 171 में काम करेंगे। इस फिल्म में रजनीकांत सोने की तस्करी करने वाले गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। चर्चा है कि रणवीर सिंह भी इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिये रणवीर सिंह से संपर्क किया गया है। यदि सब कुछ सही रहा तो रणवीर सिंह पहली बार रजनीकांत के साथ काम करेंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी कपूर

## 'उलझ' से दर्शकों को बनाएंगी मुरीद

जाह्नवी कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। अब जाह्नवी की फिल्म 'उलझ' की रिलीज तारीख से भी पर्दा हट चुका है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख 5 जुलाई तय की है। फिल्म में जाह्नवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है। चर्चा है कि यह देशभक्ति पर आधारित होगी, वहीं जाह्नवी इसमें जान्हवी एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है।

कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें वह साड़ी में काफी शानदार लग रही थीं। इसकी कहानी एक ऐसे देशभक्त परिवार की है, जो खतरनाक साजिश में उलझ जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही 'उलझ' को लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कहती हैं, मैंने इस अनुभव के जरिए बहुत कुछ सीखा है। फिल्म में शामिल हर व्यक्ति ने इस पर अपनी जी-जान लगा दी, जिन्हें देख मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था और कितना ऊर्जावान था। सब कुछ बड़ा मजेदार था।




हॉलीवुड मसाला



# कोरियाई गायक पार्क बो-रैम का निधन

लॉस एंजिलस। कोरियन सिनेमा की पॉप गायिका पार्क बो-रैम का निधन हो गया है। उन्होंने महज 30 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पार्क का निधन हुआ, उस वक्त वह अपनी एक दोस्त के घर पार्टी कर रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह पार्टी के बीच में बाथरूम गईं, लेकिन बहुत देर तक वापस नहीं लौटीं। एक दोस्त ने जाकर देखा तो वह बेहोश मिलीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत हन्यांग यूनिवर्सिटी गुरी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# इजराइली अभिनेता ने गाया 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाना

**लॉस एंजिलस।** इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में त्याही को शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का सुपरहिट गाना 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। त्साही को 2013 में आई फिल्म 'बेतलेहेम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'डोमिनोज स्ट्रीट', 'माई नेम इज क्लेयर', 'मोसाद' और 'द एंजल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म बीते साल 2023 में 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली थी। त्साही ने फिल्म में बेहद अहम किरदार निभाया था। त्साही ने इस गाने को गाकर लोगों का दिल छू लिया है।



# पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी। बता दें कि 30 साल बाद इस फेस्टिवल के लिए किसी भारतीय फिल्म को चुना गया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 14 से 25 मई तक होगा। नर्स के जीवन पर आधारित है कहानी 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की कहानी एक नर्स की कहानी है, जिसका नाम प्रभा है। उसे लंबे समय से अलग रह रहे अपने पति से एक चौंका देने वाला उपहार मिलता है, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।



# विधु विनोद चोपड़ा ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आए। अब विनोद ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का कलेन्शन फिल्म '12वीं फेल' से होगा। चर्चा है कि 'जीरो से रीस्टार्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, 'जीरो से रीस्टार्ट' को रिलीज हुए 25 सप्ताह बीत चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विनोद अपनी आगामी फिल्म 'जीरो से रीस्टार्ट' में '12वीं फेल' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।

टीवी मसाला



# अरे ये क्या हो रहा है! रावण के महल में मुकुट पहने सीता

**मुंबई।** साल 1987 में आई रामानंद सागर की 'रामायण' को लोगों का जितना प्यार मिला अब शायद ही किसी और शो को मिल सकेगा। इस शो में अरुण गोविल भगवान राम और दीपिका चिखलिया माता सीता के रोल में नजर आई थीं। इस शो के बाद दोनों की पॉपुलैरिटी इस कदर बढ़ी की लोग इन्हें असल भगवान समझने लगे थे। इस शो में वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और कंब रामयण से अंश लिए गए थे। शो में कुछ भी मिर्च मसाला लगाकर नहीं दिखाया गया था। यही वजह रही कि लोग इससे इस कदर जुड़ सके। अब हाल में ही टीवी पर 'श्रीमद रामायण' नाम का शो शुरू हुआ है। इस शो को शुरुआत में तो लोगों ने पसंद किया, लेकिन अब ट्रोल किया जा रहा है।

### क्या है रीसेंट ट्रैक

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' को साल 2024 की शुरुआत के साथ ही शुरू किया गया। इस शो का खूब प्रमोशन किया गया, जिसके चलते शुरू से ही शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने लगा। लोगों ने शो के लिए की गई कास्टिंग को भी काफी पसंद किया। लंबे समय तक शो में सब कुछ ठीक चला, लेकिन फिर एक ऐसा मोड़ आया जिसके बाद फैंस को धक्का लगा और शो को ट्रोल करना शुरू कर दिया गया।

### सीताहरण के बाद भड़का आक्रोश

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' में भी सीताहरण का दृश्य दिखाया गया है लेकिन इस दृश्य को जिस तरह से पेश किया गया है उससे लोगों की भावनाएं आहत हो गईं हैं। ये मोड़ सीता हरण के सीन के बाद आया है, जिसे देख दर्शकों को लगा कि मेकर्स रास्ता भटक गए हैं। हालिया ट्रैक के अनुसार रावण सीता को लंका में ले आया है। वहीं राम और लक्ष्मण उनकी खोज में लगे दिखाए जा रहे हैं।

### गलत दिखाया जा रहा सीन

सीता हरण के बाद मेकर्स ने कई फैक्ट्स के साथ छेड़छाड़ कर दी है, जिसकी वजह से दर्शकों का सिर घूम रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सीता कभी रावण के महल के अंदर नहीं गईं, वो हमेशा अशोक वाटिका में ही रहीं और रावण ने उन्हें कभी बुरी नजर से नहीं देखा, लेकिन शो के हालिया एपिसोड में माता सीता का किरदार रावण के महल में दिखाया गया, जो वो रावण से जिरह करता दिखा। इस दौरान सीता के सिर पर मुकुट भी नजर आ रहा है। एक ओर वो भगवा वस्त्र में हैं, वहीं दूसरी ओर उनके माथे पर छोटा मुकुट भी है। अब यही देख फैंस बड़क गए हैं।

# 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।




### फिल्म दिवाली में होगी रिलीज

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।


### बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'

'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।



# अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

**मुंबई।** 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। इसे तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।



### पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

### कहानी में आएगा बदलाव

*फिल्म 'पुष्पा' में लाल चंदन की तस्करी की कहानी दिखाई गई थी। इसके साथ पुष्पा और श्रीवल्ली की लव स्टोरी को भी ऐड किया गया था। फिल्म में फैमिली ड्रामा भी भरपूर दिया गया था। जब पुष्पा, श्रीवल्ली से शादी करने जाता है। इसके पहले उसकी शेखावत यानी कि फहाद फाजिल के साथ जुबानी जंग होती है। यह जुबानी जंग अब फिल्म के दूसरे हिस्से में असली जंग में बदलती हुई दिखाई देगी।*

# एक ही नाम से बनीं ये फिल्में, कोई हिट हुई तो कोई फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में हर साल तमाम फिल्में बनती हैं। कुछ के नाम बड़े दिलचस्प होते हैं तो कुछ ऐसी होती हैं, जिनके नाम पुरानी फिल्मों से मेल खाते हैं। दरअसल, इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' बड़ी चर्चा में है। इसी नाम की एक फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में, जिनके नाम एक जैसे हैं।



### 'कुली नंबर 1'

सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'कुली नंबर वन' की। 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। उधर 2020 में आई वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म 'कुली नंबर 1', लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।

### 'जंजीर'

सन् 1973 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म के जरिए बिग बी इंडस्ट्री में सुपरस्टार के रूप में उभरे थे। दूसरी ओर साल 2013 में इस फिल्म का रीमेक बना, जिसमें मुख्य किरदार साउथ सुपरस्टार राम चरण ने निभाया था और फिल्म की हीरोइन प्रियंका चोपड़ा थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



### 'बागी'



टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी' का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर है। 1990 में भी इसी नाम पर एक फिल्म बन चुकी है। उस फिल्म में सलमान खान और नगमा ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्देशन दीपक शिवदसानी ने किया था। यह एक रोमांटिक फिल्म थी।

### 'एजेंट विनोद' और 'दिलवाले'



'एजेंट विनोद' नाम से पहली बार फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी। इसमें सैफ अली खान और करीना कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था। यूट्यूब पर यह फिल्म मौजूद है। उधर इसी नाम से एक जासूसी फिल्म 1977 में बनी थी। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद फिल्म दिलवाले पहली बार 1994 में बनी थी, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2015 में इसी नाम से बनी फिल्म के हीरो शाहरुख खान थे।

## खबर संक्षेप

### मीडिया प्रमाणन समिति से लेना होगा सर्टिफिकेशन

**सारंगढ़।** जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, टाकीज, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई समाचार पत्र, बल्क एसएमएम एवॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि वे अनुमति नहीं लेंगे तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है।

### युवक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना पुसौर में ग्राम



कंवरिहा में रहने वाले गोपाल सिदार 45 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके दो बेटे राहुल सिदार और यशवंत सिदार हैं। छोटा लडका यशवंत पढाई कर रहा है । रोज की तरह 12 अप्रैल को यशवंत 19 साल रात्रि में खाना खाकर घर के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर पास गया था, थोड़ी देर बाद यशवंत दौडते हुए घर आकर बताया कि मंदिर के पास बैठ कर अपने मोबाइल में गेम खेल रहा था कि उसी समय रात करीब 09.30 बजे निर्मल सिदार घरेलू पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए हाथ में रखे धान काटने वाला हंसिया से गला पीछे गर्दन में मारा है। आसपास के लोग बीच बचाव किए। घायल को रायगढ़ प्रायवेट अस्पताल में भर्ती कराए जिसके बाद शंकराचार्य अस्पताल रायपुर ले जाकर भर्ती कराए हैं। घटना की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपित निर्मल सिदार पर हत्या का प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर आरोपी से घटना में प्रयुक्त धारदार हंसिया की जब्ती कर आरोपी निर्मल सिदार पिता सिदार उम्र 30 साल निवासी ग्राम कंवरिहा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### जेपीएल में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन




**तमनार।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व कर्मचारियों ने 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई पोर्ट पर भीषण आग से लड़ते हुए शहीद हुए 68 फायर कर्मियों के लिए 01 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अग्नि सेवा व सुरक्षा की समूचित जानकारी प्रदान करने के लिए अग्नि सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। वहीं पूरे सप्ताह स्कूल, हास्पिटल, विभिन्न विभागों में अग्नि सेवा व सुरक्षा से संबंधित प्रश्नमंच, विभिन्न सुरक्षा तकनीकों का डेमो व प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ छवीनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं संदीप संगवान, उपाध्यक्ष, आरडी कटरे, उपाध्यक्ष, एनके सिंह सहायक उपाध्यक्ष, एके सिंह, विभागाध्यक्ष, अग्नि सुरक्षा विभाग जेपीएल तमनार की उपस्थिति में अग्नि सुरक्षा झण्डा फहराकर तथा अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया। प्रथमतया एनके सिंह ने समस्त कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाकर विपरित परिस्थियों में भी अग्नि से स्वयं व संयंत्र को सुरक्षित रखने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम को अपने मुख्य आतिथ्य सारगर्भित सम्बोधन में छवीनाथ सिंह ने कहा कि संयंत्र एक मंदिर है और इस मंदिर रूपी संयंत्र में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्य क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना से बचायें क्योंकि इससे स्वयं के साथ साथ राष्ट्र संम्पति का नुकसान होता है।

## सामान लेने के बहाने दुकान पहुंचा था आरोपी, सारंगढ़ की घटना

# छेड़छाड़ का बदला लेने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ में 13 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गोपेश नामक युवक के दुकान में एक युवक आया और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया और शुभम ने आवेश में आकर गोपेश पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि गोपेश ने शुभम की बहन के साथ छेड़खानी की थी, उसी बात का बदला लेने के लिए शुभम ने उसकी हत्या कर दी। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के होटल श्री ओम के सामने रानी लक्ष्मी बाई कॉम्प्लेक्स के समीप मछली बाजार निवासी 28 वर्षीय गोपेश आदित्य की पान की दुकान है। प्रतिदिन की भांति 13 अप्रैल की रात भी गोपेश दुकान खोला हुआ था, तथा अपना कार्य कर रहा था। उसी वक्त रात करीब 10 बजे उसी के मोहल्ले में रहने वाला शुभम आदित्य भी वहां



मौके पर जांच करती पुलिस इनसेट में मृतक ।

पहुंच गया और अपनी बहन से छेड़खानी किए जाने की बात को लेकर उससे विवाद करने लगा। शुभम आदित्य ने गोपेश के साथ दुकान पर ही मारपीट करना शुरू कर दिया और हाथापाई करते हुए उसको दुकान के बाहर ले आया। जिसके बाद गोपेश पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी युवक ने गोपेश के सिर के पीछे ओर पीठ पर ताबड़तोड़ हमला कर मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ लोगों ने गोपेश के परिजनों को भी इस घटना की जानकारी दे दी। ऐसे में इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी वहां पहुंच गए। किसी तरह परिजन घायल गोपेश को शासकीय हस्पताल पहुंचे तथा प्रारंभिक ईलाज प्रारंभ हुआ। वही दूसरी ओर पूरे घटना की जानकारी मिलने के बाद सारंगढ़ पुलिस भी मोके पर पहुंची तथा पूरी घटना का जानकारी लेने मे लग गई। वही लगभग 11 बजे रात को इस चाकूबाजी में बुरी तरह से घायल गोपेश आदित्य का बहुत ज्यादा खून बहने के कारण से उसकी मौत हो गई।

वही पुलिस ने मौके पर पहुंची कर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी, साथ ही फरार आरोपी की पतासाजी में भी जुट गई। अहम बात यह है कि इस मामले की जांच की प्रारंभिक कड़ियों में पुलिस को पता चला है कि मृतक ने आरोपी युवक की बहन से छेड़खानी की थी, जिसके बाद नाराज युवक ने धारदार हथियार से हमला कर गोपेश की हत्या कर दी।

**जांच की जा रही**

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, आरोपी की पतासाजी भी की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

-अविनाश मिश्रा
डीएसपी, सारंगढ़

## हाथी के हमले से महिला की मौत, पुरूष घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ तमनार वन परिक्षेत्र के झिंगोल की घटना

वन मंडल रायगढ़ के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई वहीं एक पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना मिलने पर वन विभाग मौके पर पहुंची और मृतिका के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करते हुए गजराज की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील की।

आमघाट के सरपंच प्रेमसागर राठिया से मिली जानकारी के अनुसार, कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 वर्ष जो रविवार सुबह महुआ चुनने के लिए जंगल की ओर गांव के कुछ महिलाओं के साथ जा रही थी। सभी पहाड़ की ओर चढ़ाई कर रहे थे, तभी पहाड़ से गांव की ओर गजराज आ रहा था। हाथी को देखकर कुछ महिलाएं अगल बगल भाग गई, लेकिन कलावती हाथी के चंगुल में फंस गई, फिर बुजुर्ग महिला को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। महिला को कुचलना के बाद हाथी ने एक किलोमीटर दूर एक पुरुष को भी गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। जिसे उपचार हेतु तमनार अस्पताल भेजा गया है। घायल व्यक्ति आमघाट का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई है।

## स्वामी आत्मानंद के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों मे एडमिशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

प्रदेश में सत्र 2023.24 में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। सत्र 2024-25 में प्रदेश के इन सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालयों की प्रक्रिया प्रारंभ है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र.छात्राओं के एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ है। एडमिशन हेतु आवेदन तिथि की अंतिम तिथि 05 मई 2024 निर्धारित है। अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 05 मई से 10 मई 2024 तक किया जाएगा। एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई 2024 तक किया जाएगा।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु कई निर्देशों का पालन करना होगा। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाए। कोरोना महामारी के




कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें एडमिशन हेतु आवेदन पत्र साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा।

### करमीटिकरा डेम में डूबने से युवक की मौत

**रायगढ़।** करमीटिकरा के डेम के गहरे पानी में नहाने के दौरान धरमजयगढ़ कालोनी निवासी एक नवयुवक की मौत हो गई है जिसे डायल 112 की मदद से धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ने धरमजयगढ़ कालोनी निवासी आयुष पिता जगदीश बैरागी अपने दो दोस्तो के साथ करमी टिकरा की तरफ घूमने गए हुए थे इसी दौरान डेम में नहाने लगे नहाने के दौरान गहरे पानी में उतरने और तैरना नहीं जानने की वजह से आयुष की मौत हो गई जिसके बाद इसकी डायल 112 को दी गई तत्पश्चात डायल 112 के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक का शव निकालने के उसे धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया है। जहां आगे की कार्यवाही जारी है मृतक के परिजनों ने बताया कि दोपहर तकरीबन एक बजे सभी साथी घर से घूमने जाने के नाम पर निकले थे।

## फूड पैकिंग जॉब दिलाने ठगे 3.70 लाख, छाल की घटना

# नौकरी लगाने के नाम पर युवक से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरूंगा निवासी युवक के साथ कनेडियन एयर लाइन में फुट पैकिंग जॉब दिलाने के पर करीब 3 लाख 70 रूपए की ठगी किए जाने के मामले में छाल पुलिस ने कुंदन कुमार नामक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

इस संबंध में संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा उम्र 36 साल निवासी ग्राम पुरूंगा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कुंदन कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा उसे कनेडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग का जॉब दिलाने के नाम पर 3 लाख 70 हजार रूपए की धोखाधड़ी की है। संदीप ने बताया कि उसके दोस्त के जरिए कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से उसकी बात हुई। जिससे संदीप दिल्ली में मिला था। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्ड, विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडा में कनेडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग में जॉब दिलाने की बात कहते हुए प्रोसेस के नाम पर पहले 25 हजार रूपए ले




लिया। कुछ दिनों बाद एक लेटर भी उसने दिया और टिकट बुकिंग के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए लिए। इसके करीब 10-15 दिन बाद कुंदन ने संदीप को वीजा स्टंपिंग के बाद टिकट कम्पनी द्वारा दिए जाने की बात कहते हुए वीजा के नाम पर उससे पुनः 1 लाख 95 हजार रूपए ले लिए। कुंदन के अनुसार 26 फरवरी को वीजा स्टपिंग मुम्बई में होना था और 28 फरवरी का प्लेन टिकट मुम्बई से टोरोंटो के लिए था, लेकिन 22 फरवरी को कुंदन कॉल कर अचानक एमएमएआई फंस जाने की बात कहकर कनाडा जाने की बात कहने लगा। तब संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात कही। संदीप को आभास हुआ कि उसके साथ वह धोखाधडी कर रहा है। जिसके बाद उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराई, जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया। कुंदन अब संदीप को दबाव बना रहा है कि वह उक्त शिकायत वापस ले ले। वहीं पुलिस द्वारा संदीप तिग्गा की लिखित शिकायत पर छाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## नगर सैनिकों ने मनाया अग्निशमन दिवस



**रायगढ़।** अग्निशमन दिवस मनाया जा रहा है जिसके प्रारंभ में जिला अग्निशमन अधिकारी को उपस्थिति में नगर सेना के सैनिक एवं अग्निशमन कमियों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर सन 1944 में शहीद अग्निशमन कर्मीयों को प्रांजलि दी गई एवं अग्निसुरक्षा के बचाव के संबंध में सभी सैनिकों को जिसमें महिला सैनिको भी उपस्थित थी उन्हें घरेलू एल पी जी गॅस में आग लगने उनसे उसे कैसे बुझाया जाय बर्ष हंबंध मै विस्तार से बताया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर ऐ पर ब्यान 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रतिदिन अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि के पाम्पलेट एवं बैनर पोस्टर वितरित कराया जाकर विभिन कोई न कोई गतिविधियाँ आइत की जाएगी। नगर के आस पास स्थित फॅक्टरीयों में वहाँ के कर्मचारीयों को अग्नि के बचाव के ठेवध में बताया जाएगा। आज के कार्यक्रम में बी कुजूर जिला अग्निशमन अधिकारी, अनिल वैष अग्निशमन अधिकारी, प्रमोद जोगी, विपिन खलखों सुमित केशरवानी आदि उपस्थित रहे।

## कर्मियों से भरवाए गए डाक मतपत्र के फॉर्म



**रायगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाती है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के डाक मतपत्र भरवाने का अभियान चल रहा है। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।इसी क्रम में नगर सैनिकों को डाक मतपत्र के आवेदन भरवाए गए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पोस्टल बैलेट शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा ने बताया कि सेनानी होम गार्ड कार्यालय में इसके लिए विशेष कैंप लगाया गया था। जहां जिला सेनानी बी कुजूर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 120 नगर सैनिकों के फॉर्म भरवाए गए हैं।

## महिला की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



**रायगढ।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बताती में एक महिला की उसके पति ने इसलिए हत्या कर दी थी, कि उसने खाना बनाने में देरी कर दी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल की सुबह ग्राम बताती में महिला की उसके पति द्वारा मारपीट कर हत्या की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी तत्काल मौके के लिए अपने स्टाफ के साथ रवाना हुए, जहां लक्ष्मी बाई मझवार उम्र 26 वर्ष का शव उसके घर पर पड़ा मिला। घटना के संबंध में मृतिका के देवर जयलाल मझवार उम्र 25 साल ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी मझवार और उसका पति जयपाल बैगा अपने खेत में महुआ बीनने गये थे। जहां से लक्ष्मी अकेले वापस घर आ गई। शाम करीब 4 बजे जयपाल बैगा खेत से घर आया तो देखा लक्ष्मी खाट पर सोई हुई थी। जयपाल बैगा उसकी पत्नी को खाना नहीं बनाने की बात कह कर झगड़ा और मारपीट कर घर में रखी कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दिया। घटना के संबंध में थाना कापू में आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध कायम करते हुए जयपाल बैगा पिता कार्तिक राम बैगा उम्र 30 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### बाल गायिका आरु की सुमधुर जसगीतों से लोग हुए मंत्रमुग्ध

**तमनार।** मां घटेश्वरी मंदिर कसडोल में चैत्र नवरात्र पंचमी को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू की जसगीत लोकनृत्य व सुमधुर संगीत से गुंजायमान हुआ। मां घटोरिया पूजन व पर्यटन समिति द्वारा नवरात्र पर्व में पांचवे दिन छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू संगीत संध्या में हजारों बच्चे युवा महिलाओं वरिष्ठगणो में भारी उत्साह देखने को मिला। केलो बनांचल तहसील तमनार जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांतों



से बड़ी संख्या में लोग प्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू की लोक जसगीत संगीत का आनंद लेने पहुंचे। सुआ लहकत हेएचना के दार, तोला दया नई लगे काएतितली तितली, भगवा रंग, ताली बजा लेना, आमा पान के पतरी, तेरे जैसे यार कहा हरे कृष्णा हरे रामा, मेरे झोपड़ी के राम सुमधुर गीतों से लोग बाग थिरकते रहे। कलाकारों के साथ मंच के नीचे बच्चे युवा गीत संगीत प्रेमियों ने सुर से सुर और कदम से कदम मिलाकर नाचते रहे।

## चार माह से आधा दर्जन ट्रेन रोज हो रही विलंब

# लेटलतीफी ने यात्रियों की बढ़ाई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीते करीब चार माह से मुंबई हावड़ा रूट पर चलने वाली करीब आधा दर्जन ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4 से 6 घंटे तक विलंब से पहुंच रही है। ट्रेनों की यह लेटलतीफी हर दिन देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से यात्रियों का काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

अहम बात यह है कि जब से दक्षिण बिहार एक्सप्रेस का विस्तार राजेन्द्र नगर से आरा तक किया गया है, वह कभी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी है। हालांकि इससे पहले भी यह ट्रेन विलंब से ही स्टेशन पहुंचती थी, किंतु जब से इस ट्रेन का विस्तार आरा तक हुआ है और अधिक विलंब से यह ट्रेन स्टेशन पहुंच रही है। इसी प्रकार उत्कल, अमृतसर विशाखापट्टनम सहित अन्य ट्रेनें हैं जो लंबी दूरी तक परिचालित होती हैं, किंतु ये कभी भी अपने निर्धारित समय पर स्टेशन नहीं पहुंचती। मुख्य बात यह है कि इन दिनों गर्मियों की छुट्टी व शादी का सीजन होने के कारण अधिकतर ट्रेनों में सीट की उपलब्धता नहीं होने के कारण यात्री परेशान हैं, वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे ट्रेनों के समय को सुधारने के लिए जो दावे किए जा रहे हैं वे जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे में कई जगहों पर निर्माण व मरम्मत कार्यों की वजह से यह ट्रेनें विलंब से चल रही हैं, हालांकि इन ट्रेनों की चाल कब तक सुधर पाएगी, इसे लेकर भी कोई स्पष्टता जाहिर नहीं की जाती है।

## पेज 1 का शेष

### सोगड़ा में मतदाता ...

में मतदाता जागरूकता संकल्प कलश यात्रा निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। वही लोढ़ाम कलस्टर में बिहान योजना से जुड़े समूह की दीदियों के द्वारा मतदान हेतु जागरूकता रैली निकालकर, रंगोली बनाकर व शपथ लेकर ग्राम वासियों को स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है । इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### देश को विकसित ...

लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकाल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे जनघोषणा पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर- गोमती साय सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र ही भाजपा के संकल्प पत्र में हर वर्ग के विकास की गांरटी है मोदी की गारंटी-भाजपा पूर्व लोकसभा सांसद एवं विधायक श्रीमती गोमती साय ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत आज हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज जारी भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है।

### राष्ट्रीय नेतृत्व का...

ठीक उसी तरह कुनकुरी की आमसभा में भी ईवीएम मशीन तोड़ने की बात कही गई थी। इस तरह लगातार बार बार प्रशासन को चुनौती देना भारत की राष्ट्रीयता के हित में नहीं है। जिला प्रशासन को संज्ञान में ले कर कार्रवाई करनी चाहिए।

